अमेरिकन कंपनी में चुने गए एमडीपी कॉलेज के दो छात्र

पंडित मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय कटघोरा में प्लेसमेंट के प्रयासों का उत्कृष्ट परिणाम

नवभारत ब्यूरो । कोरबा।

सरकारी उच्च शिक्षण संस्था होने के बावजूद एकजुट प्रयासों के बूते पंडित मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा की टीम ने वह कर दिखाया, जैसा परिणाम निजी क्षेत्र के कॉलेज भी नहीं दे पा रहे हैं। इस महाविद्यालय के पांच होनहार विद्यार्थियों ने बड़ी कंपनियों में नौकरी हासिल कर ली है। खास बात यह है कि इनमें से दो विद्यार्थियों का प्लेसमेंट अमेरिकन कंपनी में हुआ है, जो एमडीपी कॉलेज समेत कटघोरा व कोरबा जिले के लिए गर्व की बात है।

पंडित मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय कटघोरा में विगत 6 माह से विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की सौगात प्रदान शुरू करने किए जा रहे प्रयास अब सफल हो रहे हैं। इन प्रयासों के सुखद परिणाम अब आने प्रारंभ हो चुके हैं। गत वर्ष महाविद्यालय प्रशासन ने तरू फाउंडेशन के साथ अनुबंध (एमओयू) किया था। इसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्रों को स्नातक उपरांत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार उपलब्ध करना था। इस हेतु तरू फाउंडेशन द्वारा जीवन शैली के साथ साथ साक्षात्कार की तैयारी पर जोर दिया गया।

पिछले साल 23 नवंबर को जिला प्रशासन के सहयोग से महाविद्यालय में रोजगार मेले का भी आयोजन किया गया था। महाविद्यालय को इसमें आशातीत सफलता नहीं मिली। महाविद्यालय प्रबंधन व तरू फाउंडेशन ने और अधिक प्रयास करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण में बदलाव व लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने से अब परिणाम आने लगे हैं। महाविद्यालय के कैंपस प्लेसमेंट योजना में 3 प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित ब्रॉनोबाइट्स प्राइवेट लिमिटेड में हो चुका है। इनमें महाविद्यालय के छात्र शंकर लाल कांत, छवि दास, हृदय सिंह शामिल हैं। इनके अलावा एक अन्य कंपनी पात्रा कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड के भी सुखद परिणाम अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त दो छात्रों अभिषेक बांटु व शंकर लाल का चयन अमेरिकन बीपीओ कंपनी पात्रा कॉरपोरेशन में भी हुआ है।

शिक्षा के बाद हर छात्र के घर में रोजगार रूपी दीपक प्रज्वलित करना हमारा उद्देश्यः डॉ. जोशी

इन युवाओं के कॅरियर को अच्छी शुरुआत तो मिली ही है, कॉलेज के सहयोग के बूते उन्हें अब अपने सपनों को पाने महत्वपूर्ण दिशा भी मिल सकी है। सदैव अपने विद्यार्थियों को भविष्य में ऊंचा मुकाम तय करने खुले आसमान देने की पैरवी करने वाले पंडित मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय कटघोरा के प्राचार्य डॉ. मदनमोहन जोशी ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य प्रत्येक छात्र की शिक्षा उपरांत उसके घर में रोजगार रूपी दीपक प्रज्वलित करना है। इस तरह एक अच्छी श ुरुआत उन्हें अपने कॅरियर को नए पायेदान पर ले जाने में मदद मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी मई माह में प्लेसमेंट हेतु और भी कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। प्राचार्य डॉ. जोशी ने महाविद्यालय व छात्रों की इस सफलता का श्रेय तरू फाउंडेशन के डायरेक्टर नितिन देवांगन व उच्च शिक्षण संस्था की प्लेसमेंट समिति को दिया है।